यूपीईएस व वाटरलू यूनिवर्सिटी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

प्रोफेशनल एजुकेशन के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगी दोनो यूनिवर्सिटीज

dehradun@inext.co.in

DEHRADUN (9 Dec): भारत में अग्रणी मल्टीडिसिप्लेनरी यूनिवर्सिटी यूपीईएस ने कनाडा के वाटरलू यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता साइन किया. समझौते का उद्देश्य वाटरलू विश्वविद्यालय की प्रोफेशनल शिक्षण पहल वाटस्पीड को भारत में लाकर ऑनलाइन एग्जिक्यूटिव शिक्षा में परिवर्तनकारी शिक्षण अवसर पैदा करने के लिए दोनों संस्थानों की एक्सपर्टीज का लाभ उठाना है.

इनोवेशन पर दिया जोर

समझौता ज्ञापन में सहयोग के कई प्रमुख क्षेत्रों की रूपरेखा दी, जिससे इनोवेटिव और आसान शिक्षण समाधान सुनिश्चित हो सके. हस्ताक्षर समारोह में अध्यक्ष डॉ. सुनील राय, डीन स्कूल ऑफ लॉ और हेड-इंटरनेशनल अफेयर्स डॉ. अभिषेक सिन्हा और डीन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस डॉ. विजयशेखर चेलाबोइना ने यूपीईएस का प्रतिनिधित्व किया. समारोह में यूपीईएस के प्रेजिडेंट डॉ. सुनील राय ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, यूपीईएस ने दुनिया के कुछ सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सार्थक सहयोग करने के लिए अथक प्रयास किया है. यूनिवर्सिटी ऑफ वाटरलू के अध्यक्ष डॉ. विवेक गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे तकनीकी प्रगति और वैश्विक ताकतें इंडस्ट्रीज को नए तरीके से नया आकार दे रही हैं. इनोवेशन और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा आवश्यक होगी.